तापमान
अधिकतम 38 .4 डिग्री
न्यूनतम 12 .2 डिग्री

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 25 मार्च 2025

13 17वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन ...

14 एमडीयू लाइब्रेरी देश में एक नंबर पर, 24 घंटे 365 ..

खबर संक्षेप

सेना अग्निवीर व रेगुलर एंट्री भर्ती प्रक्रिया आरंभ

रोहतक। सेना अग्निवीर तथा रेगुलर एंट्री भर्ती 2025-26 की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आगामी 10 अप्रैल तक युवा सेना के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते है। इसके अलावा रोहतक, झज्जर, सोनीपत व पानीपत में पंजीकरण सहायता शिविर भी लगाए जा रहे है। यह जानकारी सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक गौतम चौहान ने दी। 25 मार्च को गोहाना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा 26 मार्च को सोनीपत स्थित आईटीआई, रोहतक जिला के युवाओं के लिए 27 मार्च को खेड़ी साध स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, झज्जर जिला के युवाओं के लिए 28 मार्च को गुढा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा 29 मार्च को गांव बिसान स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पंजीकरण सहायता कैंप लगाए जाएंगे।

गिझी में बंद मकान से लाखों की चोरी

सांपला। गिझी गांव में रविवार की रात को अज्ञात व्यक्ति बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस ने मकान मालिक रविन्द्र के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। रविंद्र परिवार सहित दिल्ली में रहता है। मकान पर ताला लगा हुआ था। रविवार की रात को अज्ञात व्यक्ति मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखें लाखों रुपए के आभूषण व अन्य सामान चोरी कर ले गए। सुबह पड़ोस के व्यक्ति उठे तो उन्होंने मकान का दरवाजा खुला देखा। पड़ोसी जगबीर ने घटना की सूचना रविंद्र व पुलिस को दी।

कानून व्यवस्था के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

रोहतक। जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा के लिए विभिन्न मामलों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है। जिलाधीश द्वारा जारी प्रथम आदेश के तहत दादरी जिला के गांव पैंटावास से शव बरामद करने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत रोहतक के नायब तहसीलदार दीपक को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए है।

सुंदरपुर में 25 को होगा रात्रि ठहराव कार्यक्रम

रोहतक। गांव सुंदरपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला प्रशासन द्वारा 25 मार्च को रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ग्रामवासियों की शिकायतें सुनेंगे तथा समस्याओं की जानकारी लेकर उनका समाधान करवाएंगे। रात्रि ठहराव में कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी होगी।

उपायुक्त ने जन स्वास्थ्य विभाग, बिजली निगम को जारी किए आदेश

सख्तीः अवैध कॉलोनियों में अब बिजली-पानी के कनेक्शन पर रोक

योजनाकार और नगर निगम से लेनी होगी एनओसी

- सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की करवाई जा रही है पालना
- प्रशासन ने प्रतिबंधित एरिया में खरीदे जाने वाले प्लाट की रजिस्ट्री पर लगाई हुई है रोक
- प्रशासन की तरफ से 86 कॉलोनियों की लिस्ट बनाकर की जा रही है कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अवैध कॉलोनियों में प्लाट खरीदने वाले लोगों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही। एक ओर जहां प्रशासन अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए एक माह से अभियान चला रहा है वहीं नए आदेश प्लाट धारकों के सपनों पर पानी फेर सकते हैं। प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित एरिया में खरीदे जाने वाले प्लाट की रजिस्ट्री पर पहले से रोक लगाई हुई है। इसके अलावा इन प्लाट पर बने मकान के लिए बिजली और पानी के कनेक्शन नहीं दिए जाएंगे। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा द्वारा जारी किए गए आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि इन कॉलोनियों में बिजली पानी के कनेक्शन लेने से पहले जिला योजनाकार और शहरी एरिया में नगर निगम से एनओसी लानी होगी। अवैध एरिया होने की वजह से एनओसी नहीं दी जाएगी। इसके अलावा प्रशासन की तरफ से 86 कॉलोनियों की लिस्ट बनाकर कार्रवाई की जा रही है।

अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ अभियान जारी रहेगा

आमजन को बार-बार जागरुक किया जा रहा है। 86 अवैध कॉलोनियों की लिस्ट जारी की जा चुकी है। लोग भू मालिकों एवं डीलर के बहकावे में आकर अपना पैसा बर्बाद न करें। भविष्य में भी अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ का अभियान जारी रहेगा। अवैध कॉलोनियों में बिजली एवं पानी के कनेक्शन पर भी रोक लगाई गई है। नगर निगम और जिला योजनाकार विभाग से एनओसी लेने के बाद ही सुविधाएं मिलेंगी।

-धीरेंद्र खड़गटा, उपायुक्त, रोहतक

सेक्टर 7-37 व चमारिया रोड पर 20 एकड़ में विकसित दो अवैध कॉलोनियों को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माण तोड़ने के लिए काफी दिन से अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रशासन द्वारा सेक्टर 7-37 डिवाइडिंग रोड एवं चमारिया रोड पर लगभग 20 एकड़ में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों को तोड़ा गया। लोगों के विरोध को देखते हुए टीम के साथ पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन ने इस अभियान के दौरान दो अवैध कॉलोनियों में कच्चा रोड नेटवर्क, 15 नींव, 2 चार दीवारी व 6 निर्माण, सीवरेज लाइन एवं डब्ल्यूबीएम रोड को तोड़ा। इस अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा।

अवैध कालोनियों में निवेश न करें

नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर व भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जायेगी। उन्होंने कहा है कि आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते हैं।

-सुमनदीप, जिला नगर योजनाकार

रोहतक के फिजियोथैरेपिस्ट टीचर की लाश दादरी में मिली

- रोहतक पुलिस ने दादरी पुलिस की निशानदेही पर जोहड़ के समीप खुदाई करवाकर शव निकलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक से लापता हुए फिजियोथैरेपिस्ट टीचर का शव दादरी जिला के गांव पैंतावास गांव के खेतों से मिला है। दादरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार झज्जर जिला के गांव मांडोठी निवासी जगदीप (48) बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में फिजियोथैरेपिस्ट का टीचर था। जो रोहतक की जनता कॉलेज कालोनी में एक किराए के मकान में रहता था। मृतक के ताऊ ईश्वर सिंह ने बताया कि जगदीप करीब एक महीने पहले लापता हुआ था। उन्होंने जगदीप को ढूंढने का हरसंभव प्रयास किया, लेकिन सुराग नहीं मिला। रोहतक पुलिस को जगदीप के लापता होने की शिकायत दी गई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। इस व्यक्ति की निशानदेही पर सोमवार को रोहतक सीआईए व एफएसएल टीम दादरी के गांव पैंतावास पहुंची। रोहतक पुलिस ने दादरी पुलिस की निशानदेही पर जोहड़ के समीप खुदाई करवाई। इसके कुछ देर बाद जगदीप का शव बरामद हुआ। हत्या के बाद शव को जमीन में दबाया गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शहीद समुन्द्र सिंह हुड्डा राजकीय उच्च विद्यालय सांघी के विद्यार्थियों ने मदवि की विजिट की

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में सोमवार को शहीद समुन्द्र सिंह हुड्डा राजकीय उच्च विद्यालय सांघी के विद्यार्थियों के दल ने विजिट की। यूआईईटी निदेशक प्रो. युद्धवीर सिंह ने राजकीय उच्च विद्यालय, सांघी के विद्यार्थियों के दल में शामिल शिक्षकों सोनिया, अंकिता व पूनम समेत सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया और यूआईईटी में संचालित पाठ्यक्रमों, प्रयोगशालाओं और इंजीनियरिंग क्षेत्र में रोजगार के अवसरों बारे जानकारी दी। यूआईईटी प्राध्यापक एवं उन्नत भारत अभियान कोऑर्डिनेटर डॉ. हरकेश सहरावत ने इस कार्यक्रम का समन्वयन किया। उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों को यूआईईटी की विभिन्न प्रयोगशालाओं का दौरा करवाया और व्यावहारिक जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया।

मदवि वीसी प्रो. राजबीर सिंह ने आर्ट्स म्यूजियम बनाने की घोषणा की

कला अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम

- वीसी ने रंग महोत्सव के कलात्मक रंग आयाम-रंग सृजन इवेंट का उद्घाटन करते हुए अपने विचार रखे

रोहतक। कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ,चीफ वार्डन बॉयज प्रो. सत्यवान बरोदा,डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, विजुअल आर्ट्स विभागाध्यक्ष संजय कुमार व अन्य प्राध्यापक। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कला अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। कलात्मक-सृजनात्मक अभिव्यक्ति जीवन में नवरस का संचार करती है। सृजनात्मक कला से जुड़ने से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सोमवार को रंग महोत्सव के कलात्मक रंग आयाम-रंग सृजन इवेंट का उद्घाटन करते हुए यह विचार रखे । कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि भावनाओं तथा मनुष्य मन की कल्पना को मूर्त रूप देने का माध्यम कला है। सामाजिक तथा जनसरोकार के मुद्दों पर प्रभावी टिप्पणी भी कला माध्यम से की जा सकती है। रंग सृजन के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मक कला के हुनर को तराशना तथा उनमें आर्ट्स एप्रीसिएशन को प्रोत्साहन देना है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस अवसर पर विजुअल आर्ट्स विभाग के लिए आर्ट्स म्यूजियम बनाने की घोषणा की। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. एस.के. कुश्वाह ने कहा कि ललित कला में पारंगता निरंतर प्रयास करने से संभव है। कला कौशल सीखने की दृढ़ इच्छा होनी चाहिए। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर ने स्वागत भाषण दिया।

रंग सृजन इवेंट के बारे में बताया

रंग सृजन के संयोजक, विजुअल आर्ट्स विभागाध्यक्ष संजय कुमार ने रंग सृजन इवेंट के बारे बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थीगण उत्साहपूर्वक इस दो दिवसीय रंग सृजन इवेंट में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। छात्रा कृषिका ने किया। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विजुअल आर्ट्स विभाग में लगाई गई फोटो प्रदर्शनी तथा चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

संबोधन | पीजीआईएमएस के मेडिकल एजुकेशन विभाग में कार्यक्रम

नैतिकता और मानवीयता का पाठ भी पढ़ाएं शिक्षकः डॉ. एचके अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एक अच्छे चिकित्सक होने के साथ-साथ हमारे अंदर नैतिकता और मानवीयता का होना बहुत जरूरी है तभी हम सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक बन सकते हैं। शिक्षक होने के नाते हमारा फर्ज बनता है कि हम विद्यार्थियों को नैतिकता और मानवीयता का पाठ भी पढ़ाएं ताकि वें आगे जाकर समाज की सेवा कर सकें। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल का। वें सोमवार को मेडिकल एजुकेशन विभाग के तीन वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए थे। इस अवसर पर रीजनल सेंटर के तीन वर्ष होने पर केक काटते हुए कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने एमईयू से आज तक के सफर में डॉ. सुजाता सेठी के साथ एक टीम की तरह कार्य करने वाले डॉ. कुंदन मित्तल, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. राकेश मित्तल, डॉ. आशुमा सचदेवा, डॉ. उमेश यादव, डॉ. आरती, डॉ. पूजा को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कठिन मेहनत का ही परिणाम है कि आज यह विभाग उन्नति के शिखर की तरफ बढ़ रहा हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक यहां हरियाणा व अन्य प्रदेशों की 759 फैकल्टी को ट्रेनिंग प्रदान की जा चुकी है जोकि आगे अन्य फैकल्टी को ट्रेनिंग देने का भी कार्य कर रही है।

रोहतक। कार्यक्रम में केक काटते हुए कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ,निदेशक डॉ. एसके सिंघल व अन्य डॉक्टर।

रीजनल सेंटर के तीन साल पूरे

निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि आज का दिन बड़े ही गर्व का दिन है कि रीजनल सेंटर के आज पूरे तीन साल हो गए हैं। यह सभी के द्वारा एक टीम के रूप में कार्य करने से ही संभव हो पाया है। डॉ. सिंघल ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि आने वाले समय में यह विभाग ऊंचाइयों को छुएगा।

सभी के सहयोग से उपलब्धि मिली

डॉ. सुजाता सेठी ने कार्यक्रम के अंत में सभी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि यह किसी एक व्यक्ति का कार्य नहीं है सभी के सहयोग से संस्थान को आज इतनी बडी उपलब्धि मिली है। उन्होंने कहा कि डिपार्टमेंट आफ मेडिकल एजुकेशन का प्रयास रहेगा कि रीजनल सेंटर के अंतर्गत आने वाले संस्थानों के अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जाए।

मौजूद रहे

मंच का संचालन डॉ. प्रशांत कुमार ने किया। डॉ. उमेश यादव ने एमईयू से डोम बनने तक के सफर के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. राकेश मित्तल, डॉ. आशुमा सचदेवा, डॉ. उमेश यादव, डॉ. आरती, डॉ. पूजा सहित दर्जनों चिकित्सक उपस्थित रहे।

हरिभूमि सहेली

चैत्र नवरात्र विशेष

चैत्र नवरात्र, मां दुर्गा की आराधना के माध्यम से स्वयं की आत्मचेतना को भी साधने का पावन अवसर बनकर आता है। इस दौरान प्रकृति में होने वाला सुहाना बदलाव, आस्था के भाव संग मन की ऊर्जा अर्जित करने का परिवेश बनाता है। आइए इस शुभ-पावन सुअवसर में हम भी आत्मशक्ति को जाग्रत करने का प्रयास करें।

मां दुर्गा की उपासना
आत्मशक्ति जगाने वाले दिन

पर्व निहितार्थ

डॉ. मोनिका शर्मा

वासंतिक नवरात्र, मां शक्ति की उपासना के नौ दिन मन की शुद्धि और जीवन की समृद्धि की कामना से जुड़े होते हैं। व्रत और पूजा-अर्चना के माध्यम से स्वयं को साधने के प्रयास करने का यह पावन पर्व है। आने वाले नवरात्र, जीवन को हर तरह से उन्नत बनाने का समय है।

प्रकृति में होता नवसंचार

वासंतिक या कहें चैत्र नवरात्र में पूरे परिवेश में नई चेतना का संचार हो रहा होता है। खिलती प्रकृति के मौसम में आदिशक्ति को साधने का यह उत्सव हमारे भीतर नया उत्साह जगाता है। प्रकृति से जुड़ा सब कुछ दैवीय-सा लगता है। पेड़ों पर फूटती नई कोंपलों में नवसृजन की आहट होती है। कोयल की मीठी कूक हर ओर ऊर्जा बिखेर रही होती है। सचमुच, वासंतिक नवरात्र का यह समय ही नवजीवन का संचार करने वाला है। आस्था के भाव संग मन की ऊर्जा उपार्जित करने का परिवेश बनाता है।

सकारात्मक भावों से जुड़ाव

नवरात्र के उपवास और आस्था से जुड़ी सोच से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। संयम, नियम के पालन से शरीर और मन की शुद्धि होती है। शक्ति की उपासना से जुड़ी आस्था से उपजा शुद्धता का यह भाव सजग और चेतन अस्तित्व से जोड़ता है। शांत, स्थिर और सधा हुआ विश्वास मन को बल देने वाला होता है। मां दुर्गा की आराधना के नौ दिन भीतर की सकारात्मक ऊर्जा से साक्षात्कार करने का उत्सव बनकर आते हैं।

असल में यह पर्व मन की प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता को बल देता है। दुःख-तकलीफ से मुक्ति और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए मां दुर्गा की उपासना, स्त्रियां पूरे मन से करती हैं। अपने लिए ही नहीं, अपने परिवार की कुशल कामना के लिए मां से आशीर्वाद मांगती हैं। अपने चेतनामयी अस्तित्व के लिए प्रार्थना करती हैं। हालांकि आज भी महिलाओं को बहुत से मोर्चों पर जाग्रत होने की दरकार है। महिलाओं के सामने घर के भीतर और बाहर जितनी भी परेशानियां आती हैं, उनकी एक बड़ी वजह अपने ही अस्तित्व को लेकर सजग न होना ही है। हर अच्छे-बुरे व्यवहार के प्रति स्वीकार्यता का भाव सही नहीं होता। विवेक रूपी अस्त्र का प्रयोग कर अपने जाग्रत अस्तित्व को समाज के सामने लाना बहुत आवश्यक है। नवसृजन का उल्लास बिखेरती प्रकृति के बीच भगवती दुर्गा की उपासना का यह उत्सव वास्तव में ऐसी सोच को पुष्ट करने वाला है। आस्था भरे भावों को वासंतिक छटा के माहौल में उम्मीद और सकारात्मक सोच का साथ भी मिलता है।

ऋतु परिवर्तन का समय

चैत्र नवरात्र, धार्मिक आस्था और अध्यात्म से ही नहीं जीवन के कई व्यावहारिक पक्षों से जुड़े दिन भी हैं। ऋतु परिवर्तन के समय में स्वच्छता और संयमित दिनचर्या जरूरी है। विक्रम संवत की शुरुआत के समय आने वाला यह नौ दिन का उत्सवीय अनुष्ठान वैज्ञानिक चिंतन के तार्किक पक्ष का आधार लिए है। मां शक्ति के पूजन के साथ ही बहुत से व्यावहारिक पहलू जुड़े हैं। प्रार्थना, जप और ध्यान नकारात्मक विचारों से दूर रखते हैं, मन-मस्तिष्क को स्थिरता देते हैं। सात्विक आहार, उपवास और सधी दिनचर्या शरीर और मन को डिटॉक्स करती है। यह अनुशासित जीवनशैली स्वास्थ्य और सक्रियता बनाए रखती है। मौसम के मुताबिक अपनों की संभाल-देखभाल करने वाली स्त्रियां सदा से ही इन वैज्ञानिक बातों को भी आस्था के भाव संग समझती आई हैं। मौजूदा दौर में भी महिलाओं का यह भाव-चाव कायम है।

बेटियों के पूजन की रीत

हमारे यहां शक्तिस्वरूपा के रूप में बेटियों के पूजन की रीत है। व्यावहारिक और धार्मिक धरातल पर जुड़ी आस्था संग सधी दिनचर्या के साथ नौ दिनों तक देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। सर्दी के पूरी तरह खत्म होने और तपिश के मौसम की शुरुआत के समय नियमपूर्वक मां आदिशक्ति के नौ रूपों को नमन कर व्रत-अनुष्ठान किए जाते हैं। एक ओर परिवर्तन के इस काल में प्रकृति नवीन हो जाती है तो दूसरी ओर मन श्रद्धा के भावों से भरा होता है। बदलते परिवेश में ये दिन भीतरी परिवर्तन लाने की शक्ति देते हैं।

अपने सामर्थ्य को पहचानने का अवसर

चैत्र नवरात्र के पहले दिन से नववर्ष की शुरुआत होती है। ऋतुओं का यह संधि काल शारीरिक सेहत ही नहीं, मन का स्वास्थ्य भी बिगाड़ता है। ऐसे में मां दुर्गा की उपासना का यह उत्सव आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व तो है ही, अपने सामर्थ्य को पहचानने का अवसर भी है। मन-मस्तिष्क को सबल रखने के लिए शक्ति साध लेने का समय है। स्त्रियां अपनी सृजनशील सोच से परिवार ही नहीं, पूरे परिवेश को थामती आई हैं। अपनों को ही नहीं, परायों को भी संभालने की सोच रखती हैं। गहराई से देखा-समझा जाए तो मातृशक्ति का यही भाव घर-परिवार को थामे हुए है। संयमित, संस्कारित जीवन का आधार है।

देवी पूजन सामग्री की आध्यात्मिक महत्ता

नवरात्रों में हम सब देवी भगवती के नौ रूपों की पूजा-अर्चना करते हैं। इस पूजन में हम विभिन्न पूजन सामग्रियों का प्रयोग करते हैं। इनकी आध्यात्मिक महत्ता के बारे में आपको यहां बता रहे हैं।

महात्म्य

अनीता जैन, वास्तुविद

देवी भागवत पुराण के अनुसार, चैत्र नवरात्र में देवी दुर्गा के नौ रूपों की आराधना अत्यंत फलदायी मानी जाती है। यह पर्व भक्तों को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि प्रदान करता है। नवरात्र के नौ दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों-शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मान्यता है कि जो भक्त श्रद्धा और नियमपूर्वक नवरात्र में देवी की पूजा-अर्चना करते हैं, उन्हें जीवन में सफलता, स्वास्थ्य और समृद्धि प्राप्त होती है। नवरात्रों में भक्तजन मां की कृपा प्राप्त करने के लिए विभिन्न पूजन सामग्रियों का प्रयोग करते हैं। हर सामग्री का एक आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व होता है, जो पूजा की प्रभावशीलता को बढ़ाता है।

कलश: कलश स्थापना किसी भी देवी-देवता की पूजा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इसे ब्रह्मांडीय ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, जिसमें देवी की उपस्थिति होती है। कलश में जल भर कर उसमें आम के पत्ते, सुपारी, पंचरत्न और नारियल रखे जाते हैं। आम के पत्ते सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं, सुपारी मंगल कार्यों की सफलता का प्रतीक होती है, पंचरत्न पंचतत्वों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कलश स्थापना करने से घर में सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा बनी रहती है।

माता का आसन: माता का आसन लाल या पीले कपड़े पर बनाया जाता है। लाल रंग शक्ति, ऊर्जा और विजय का प्रतीक होता है, जबकि पीला रंग शुभता और ज्ञान का प्रतीक है। देवी का आसन सही तरीके से स्थापित करने से पूजा में स्थायित्व और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। ऐसा माना जाता है कि उचित आसन पर स्थापित देवी की प्रतिमा से घर में शांति और समृद्धि आती है।

अक्षत: पूजन में प्रयोग किए जाने वाले चावल को अक्षत कहा जाता है, जिसका अर्थ होता है 'जो खंडित न हो।' यह संपूर्णता, अखंडता और समृद्धि का प्रतीक है। देवी को अक्षत अर्पित करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। विशेष रूप से, हल्दी से रंगे चावल देवी लक्ष्मी और दुर्गा की पूजा में अत्यंत शुभ माने जाते हैं।

कुमकुम और हल्दी: कुमकुम और हल्दी देवी पूजन में अनिवार्य माने जाते हैं। कुमकुम सौभाग्य, शक्ति और समृद्धि का प्रतीक है, जबकि हल्दी स्वास्थ्य और पवित्रता का प्रतीक मानी जाती है।

अखंड दीपक: नवरात्र में अखंड दीपक जलाने की परंपरा अत्यंत शुभ मानी जाती है। खासतौर पर गाय के शुद्ध घी का दीपक जलाना बहुत ही लाभकारी होता है। यह न केवल वातावरण को पवित्र करता है बल्कि घर में दिव्य ऊर्जा को बनाए रखता है। घी का दीपक जलाने से देवी महालक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती की कृपा प्राप्त होती है। अखंड दीप जलाने से घर में कोई नकारात्मकता प्रवेश नहीं करती।

नारियल: नारियल को श्रीफल भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है 'शुभ फल'। यह कठोर बाहरी आवरण वाला होता है, जो मनुष्य के अहंकार को दर्शाता है, जिसे त्यागने के बाद ही आंतरिक शुद्धता प्राप्त की जा सकती है। देवी को नारियल अर्पित करने से जीवन में उन्नति, सफलता और शांति आती है।

कपूर और धूप: कपूर और धूप जलाने से वातावरण शुद्ध और सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। यह बुरी शक्तियों को दूर करता है और मन को शांति प्रदान करता है।

भोग: नवरात्र में मां दुर्गा को विशेष भोग अर्पित किया जाता है। नौ दिनों में अलग-अलग प्रसाद चढ़ाने की परंपरा होती है, जैसे- पहले दिन घी, दूसरे दिन शक्कर, तीसरे दिन दूध, चौथे दिन मालपुए, पांचवें दिन केले, छठे दिन शहद, सातवें दिन नारियल, आठवें दिन हलवा और नौवें दिन पूड़ी, खीर या हलवा का भोग अर्पित करने से मां की कृपा प्राप्त होती है।

डाइट सजेशन

अंशु चौहान, डाइटीशियन

चैत्र नवरात्र आरंभ होने वाले हैं। इस दौरान आप भी जरूर व्रत रखेंगी। व्रत के दौरान आपको कोई परेशानी न हो, दिन भर एनर्जी लेवल बना रहे, इसके लिए आपका डाइट प्लान परफेक्ट होना चाहिए। इस बारे में जानिए।

व्रत के लिए परफेक्ट डाइट प्लान

नवरात्र में कई महिलाएं पूरे नौ दिनों का उपवास रखती हैं तो कुछ पहले और आखिरी दिन ही व्रत रखती हैं। व्रत के दौरान ऐसा फलाहार करना चाहिए, जिससे आपको भरपूर एनर्जी मिलती रहे। कुछ लोग व्रत के दौरान कुछ नहीं खाते हैं, लेकिन ऐसा करना स्वास्थ्य के लिहाज से सही नहीं होता है। पौष्टिक फलाहार न खाने से कमजोरी लगने लगती है, क्योंकि आप हाउसवाइफ हों या वर्किंग वूमेन, दिन भर आपको कई तरह के काम तो करने ही पड़ते हैं। ऐसे में आपको जरूरी एनर्जी मिलती रहे, इसके लिए पौष्टिक फलाहार करना आवश्यक है। खान-पान सही ना हो तो व्रत के दौरान आपको कमजोरी, सिर में दर्द, चक्कर आने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए व्रत के दौरान आप यहां बताए जा रहे पौष्टिक आहार का सेवन कर सकती हैं।



इन्हें करें डाइट में शामिल

व्रत के दौरान आप अपनी डाइट में साबूदाना, समा के चावल, शकरकंद और ताजे फल शामिल कर सकती हैं। ये कार्बोहाइड्रेट के अच्छे सोर्स होते हैं। साबूदाना खिचड़ी और समा के चावल धीमी ऊर्जा रिलीज करने वाले हल्के और सुपाच्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ हैं। इन्हें आप अपने व्रत के फलाहार में शामिल कर सकती हैं।

प्रोटीन-फाइबर्स: मांसपेशियों की मजबूती के लिए मूंगफली, दूध, दही, छाछ का सेवन कर सकती हैं। इनके अलावा कुट्टू, राजगीरा और सिंघाड़े का आटा प्रोटीन और फाइबर के बढ़िया स्रोत होते हैं। दिमाग और शरीर को ऊर्जा प्रदान करने के लिए नारियल, ड्राई फ्रूट्स जैसे बादाम, अखरोट, काजू और मखाना खा सकती हैं। शरीर में पर्याप्त विटामिंस, मिनरल्स और हाइड्रेशन बनाए रखने के लिए नारियल पानी, फलों का जूस और नीबू पानी पीना फायदेमंद है, जो इलेक्ट्रोलाइट्स बैलेंस के साथ-साथ हाइड्रेशन को भी मेंटेन रखते हैं।

सुबह-दोपहर में क्या लें: सुबह के समय शरीर को हाइड्रेट करना और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए नाश्ते में स्मूदी और एनर्जी से भरपूर फ्रूट्स सही समय पर लेना जरूरी है। इससे सुबह के कामों को निपटाने के लिए आपको भरपूर मात्रा में ऊर्जा मिलेगी। ऐसे पौष्टिक नाश्ते को करने से काम-काजी महिलाओं को भी ऑफिस वर्क के दौरान घंटों तक एनर्जी बनी रहेगी। आप सिंघाड़े या कुट्टू के आटे की रोटी, लौकी की सब्जी और दही दोपहर के भोजन में ले सकती हैं। शाम के समय हल्का लेकिन एनर्जी-बूस्टर स्नैक्स जरूरी है। शकरकंद चाट, लंबे समय तक आपको ऊर्जा देगा।

डिनर में क्या लें: रात का आहार हल्का और सुपाच्य होना चाहिए ताकि नींद अच्छी आए। इसमें समा के चावल की खिचड़ी और सोने के कुछ समय पहले गर्म दूध और खजूर रात में शरीर को ऊर्जा देने के लिए लाभदायक हैं।

इस तरह व्रत के दौरान सुबह से लेकर रात तक अपने आहार के बारे में छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखेंगी तो अपनी दिनचर्या और हेल्थ को ठीक रख सकती हैं।

प्रस्तुति: संध्या रानी

मेकअप

सरिता गुप्ता

मेकअप रहेगा लॉन्ग-लास्टिंग
आपको मिलेगा चार्मिंग लुक

नवरात्रों के दौरान धार्मिक आयोजनों में अक्सर शामिल होना होता है। ऐसे आयोजनों में आपका मेकअप भी सिंपल लेकिन अट्रैक्टिव होना चाहिए। हम आपको यहां मेकअप करने का ऐसा तरीका बता रहे हैं, जिनसे ना सिर्फ पसीना कंट्रोल होगा बल्कि आपका चेहरा भी ग्लो करेगा।

फेस क्लीनिंग: जब भी आप मेकअप करें तो सबसे पहले फेस को साफ करने के लिए चेहरे पर दो मिनट क्लींजर से मसाज करें। उसके बाद फेस को सुखा लें। फिर लिक्विड मॉयश्चराइजर लगाएं। इसके बाद स्किन के लिए एस्ट्रिंजेंट लोशन लगाएं और कुछ मिनट तक रुकने के बाद फाउंडेशन लगाने से पहले दाग-धब्बों को कंसीलर से कवर कर दें।

फाउंडेशन का शेड: फाउंडेशन लेते समय हमेशा अपनी स्किन-टोन का विशेष ध्यान रखें। कभी भी ज्यादा फेयर दिखने के लिए फाउंडेशन का शेड ज्यादा लाइट न लें। आपको सिर्फ अपनी स्किन-टोन से एक शेड लाइटर ही फाउंडेशन लेना है। ध्यान रहे कि शेड आपकी स्किन-टोन से मैच करता हुआ हो। इसके अलावा आप खास मौकों के लिए गोल्ड फाउंडेशन भी खरीद सकती हैं। रात के किसी आयोजन के लिए मेकअप करना हो तो गोल्डन फाउंडेशन के साथ गोल्डन टिंटेड पावडर का यूज भी एक बढ़िया विकल्प हो सकता है।

फाउंडेशन: फाउंडेशन हमेशा माथे, नाक और गालों पर जरूर लगाएं। अब इसे हल्के गीले स्पंज से पूरे चेहरे पर एक समान रूप से फैलाएं। हल्का-सा फाउंडेशन पलकों पर लगाकर फैलाएं। अब फाउंडेशन को चेहरे के निचले हिस्से चिन और दोनों तरफ जबड़े की रेखाओं पर लगाएं और इसे अच्छी तरह स्पंज से ब्लेंड करें। इससे त्वचा एक जैसी दिखेगी।

ब्लशर का यूज: मेकअप करने के बाद ब्लशर का यूज जरूर करें। ऐसा करने से चेहरे पर बहुत अच्छी शाइन आ जाती है। आप पावडर ब्लशर का ही यूज करें, क्योंकि इसे लगाना आसान होता है। ब्लशर को चीक बोंस पर लगाएं और इसे ब्रश से ब्लेंड करें।

आईशैडो: अगर आपको ग्लॉसी मेकअप करना है तो आप आइज पर ब्राउन, कॉपर या गोल्ड आईशैडो का यूज कर सकती हैं। ब्लैक और ब्राउन आईलाइनर भी अच्छे लगते हैं। आखिर में दो या तीन कोट मस्कारा के लगाएं, ध्यान रखें कि हर कोट के सूखने के बाद ही पलकों को ब्रश करें।

ऐसे लगाएं लिपस्टिक: मेकअप के बाद लिप्स को लिपस्टिक से हाईलाइट करें। लिप लाइनर का यूज बिल्कुल न करें। इसके कलर्स में पिंक, रेड, ऑरेंज या डार्क ब्राउन शेड्स में से किसी का यूज अपने आउटफिट से मैच करते हुए लगा सकती है।

(मेकअप आर्टिस्ट आरती खन्ना से बातचीत पर आधारित)

किसी कारण एकाकी जीवन जीने को मजबूर महिलाएं सवालों के घेरे में रहती हैं। वे अभिशप्त जीवन जीती हैं। उनको समाज का एक वर्ग हेय दृष्टि से देखता है। आखिर उन्हें भी हमारी मां, बहन और बेटी की तरह मान-सम्मान क्यों नहीं मिलता?



एकल नारी भी है सम्मान की हकदार

बदले दृष्टिकोण

एकता शर्मा

कल तक तो वह कुलवधु थी, परिवार में उसका मान-सम्मान था। लेकिन एक समय ऐसा भी आता है, जब उसके लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया जाने लगता है। वह मासूम समझ नहीं पाती कि अब उसका कोई मान-सम्मान क्यों नहीं है? अगर अपने पति से वह अलग हो जाती है तो क्यों कभी उसके चरित्र पर अंगुली उठाई जाती है तो कभी डाइवोर्सी कहा जाता है? अपवादों को छोड़ दें तो आज भी महिलाओं की ही सहनशीलता पर टिके हैं घर-परिवार। तलाक भी सिर्फ तभी होता है, जब पुरुष पक्ष की प्रबलता हो। महिलाएं तो रिश्तों को बचाने का हर संभव प्रयास करती हैं। महिला तो उस राह पर जाती ही नहीं कि जिस पर उसका और उसके बच्चों का भविष्य गर्त में मिल जाए। फिर भी यह समाज महिलाओं पर ही तंज कसता है। इस दिशा में जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय का महिलाओं के प्रति बदला नजरिया स्वागत योग्य है, जिसके अनुसार किसी महिला को 'डायवोर्सी' नहीं कहा जा सकता है।

हम स्त्री की विवशता को क्यों नहीं समझते: एकल नारी का जीवन अभिशाप नहीं है, वह अभिन्न अंग है समाज का। नारी मात्र देह नहीं, देह से परे एक मेधा शक्ति भी है। नारी हमारी संस्कृति की वाहक है, वह संवर्धन की हेतु और सेतु भी है। हम यह क्यों नहीं समझते? कभी-कभी कुछ स्त्रियों को विपरीत परिस्थितियों और असामयिक कारणवश एकल, एकांत जीवन को अपनाना पड़ता है। ऐसे में उनके व्यक्तिगत जीवन पर सवाल उठाना या हस्तक्षेप करना क्या गलत नहीं है? हमें किसी स्त्री की विवशता को समझना चाहिए।

जीने का समान अधिकार: एकल महिला को समाज संवेदनशील होकर क्यों नहीं देखता? आज भी हमारे समाज में एकल अविवाहित, तलाकशुदा और परित्यक्त महिलाओं को हेय दृष्टि से देखा जाता है। रूढ़िवादी, पूर्वाग्रही पितृसत्तात्मक समाज का एक वर्ग उन्हें अपनी कलुषित, कुदृष्टि से देखता है। यही नहीं, अशिक्षित वर्ग ही नहीं, पढ़े-लिखे लोग भी एकल महिलाओं को बर्दाश्त नहीं कर पाते। उनके जीवन पर तरह-तरह के सवाल उठाते हैं। दुखद यह है, इसमें पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी शामिल होती हैं। दंभी पुरुष ऐसी महिलाओं के चरित्र पर लांछन लगाते हैं। समाज में उनका जीना दूभर कर देते हैं। ऐसे लोग भूल जाते हैं कि महिला भी इंसान है। उसे भी जीने का उतना ही अधिकार है, जितना उन्हें। क्यों हम अकसर एकाकी जीवन जी रही महिलाओं को देखकर अपमान भरी टिप्पणी करते हैं? क्या हम कुंठित समाज का हिस्सा हैं? हमें इन महिलाओं का सुख और उनकी स्वतंत्रता क्यों नही बर्दाश्त हो पाती?

मिले निजता को सम्मान: हमें समझना चाहिए कि एकल महिलाएं भी अपने स्वाभिमान, स्वावलंबन, आत्म-विश्वास और मेहनत के बल पर किसी अच्छे मुकाम पर पहुंची हैं। अपने बलबूते अपने बच्चों का भरण-पोषण कर रही हैं। याद रहे, नारी भी एक स्वतंत्र चेतना है। उसकी उत्पत्ति का इतिहास भी वही है, जो एक पुरुष का है। ऐसे में एकल नारियों को भी उतना ही सम्मान मिलना चाहिए, जितना अपने घर की मां, बेटी और बहन को मिलता है। यह रेडिकल फेमिनिज्म नहीं है, अपितु किसी की निजता का सम्मान है। यह संवैधानिक दृष्टिकोण ही नहीं, अपितु सभ्य समाज की पहचान है। सतत विकास, सशक्तिकरण, समावेशी दुनिया की बात करने वाले समाज को समानता के आधारभूत सिद्धांत को भी आत्मसात करना चाहिए। तभी हमारे राष्ट्र और समाज का चहुंमुखी विकास होगा।

खबर संक्षेप

कविता में साक्षी व भाषण में प्रीति ने मारी बाजी

रोहतक। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के तत्वाधान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कानूनी साक्षरता के विभिन्न विषयों पर कविता-पाठ, भाषण व वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। साक्षी ने कविता-पाठ प्रतियोगिता में, प्रीति ने भाषण प्रतियोगिता में तथा सृष्टि ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डॉ. दर्शना ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. यशपाल, डॉ. रीना, डॉ. योगिता, डॉ. पूजा सहित अन्य उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को दिया सफलता का मूलमंत्र

रोहतक। मदवि की कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में सोमवार को बॉटनी एवं संस्कृत विभाग में- स्ट्रेस मैनेजमेंट एंड एडेप्टिंग टू चेंज तथा द आर्ट ऑफ पब्लिक स्पीकिंग विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्लोबल सोल्यूशंस इंडिया के सहयोग से आयोजित इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में ट्रेनिंग डायरेक्टर प्रो. आशा कपूर ने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन के टिप्स दिए तथा भाषायी कौशल में महारथ हासिल करने के गुर बताए। प्रोफेशनल लाइफ में सफलता प्राप्त करने का मूलमंत्र विद्यार्थियों को दिया। सीसीपीसी निदेशिका प्रो. दिव्या मल्हान तथा उप निदेशक डॉ. अमन वशिष्ठ ने इन कार्यक्रमों का समन्वयन व संचालन किया।

17वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन

प्रश्नकाल में विपक्षी सांसदों ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया

विपक्ष ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर तीखी बहस हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के गुरुग्राम स्थित सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज़ (सीपीएएस) द्वारा भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में 17वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत नव निर्वाचित युवा सांसदों द्वारा शपथ ग्रहण समारोह से हुई। इसके बाद, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिसमें उनके आर्थिक सुधारों और शासन में योगदान को स्मरण किया गया। युवा संसद के प्रश्नकाल में विपक्षी सांसदों ने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कई ज्वलंत मुद्दों पर जवाब मांगे। इस दौरान विपक्ष ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर तीखी बहस हुई।

रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते सांसद धर्मवीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

विपक्ष ने सरकार से जवाब मांगते हुए शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। विपक्षी सांसद योगेश ने स्वास्थ्य बीमा पर 18% जीएसटी को गरीब और मध्यम वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक भार बताते हुए इसे न्यूनतम करने की मांग उठाई। रेलवे स्टेशनों पर अव्यवस्था व भीड़ प्रबंधन की विफलता का मुद्दा उठाया, जिस पर रेलवे मंत्री वंदिता ने रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख किया।

इंडस पब्लिक स्कूल में कैम्ब्रिज प्रकाशन की ओर से कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल में सोमवार को अंग्रेजी शिक्षकों के लिए कैम्ब्रिज प्रकाशन की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी संचालक प्रशिक्षिका श्वेता गुप्ता रही। इस कार्यशाला का विषय नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार पाठ्यक्रम प्रभावी पाठ योजना की रणनीतियां रही।

उन्होंने बताया कि पाठ-योजना प्रशिक्षक का रोडमैप है कि छात्रों को क्या सीखना है और कक्षा के दौरान इसे प्रभावी ढंग से कैसे किया जाएगा। उन्होंने छात्रों के सीखने के उद्देश्य, सीखने की गतिविधियां और छात्रों की समझ जांचने की रणनीतियां बताई।

उन्होंने शिक्षकों को बताया कि प्रत्येक पाठ को रचनात्मक ढंग से कराना चाहिए तथा इसके बारे में बच्चों के विचार तथा बच्चों से प्रश्न पूछने चाहिए।

डर की भावना को दूर करें

उन्होंने कहा कि बच्चों के मन में अध्यापकों के प्रति जो डर की भावना है उसे दूर करना चाहिए। बच्चों को मनोरंजक खेलों के द्वारा कक्षा में सिखाने का कार्य करना चाहिए व अंग्रेजी संवाद सिखाना चाहिए। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि अध्यापकों के मार्गदर्शन के लिए समय-समय पर नई शिक्षा प्रणाली के द्वारा जो परिवर्तन हुए हैं उनसे अध्यापकों को अवगत करवाना है। इनका उद्देश्य शिक्षकों को समय-समय पर नया सीखने, सहयोग, समस्या समाधान और नए विचारों के सृजन को प्रोत्साहित करना है। विद्यालय की डायरेक्टर प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने कार्यशाला संचालक द्वारा जानकारी देने के लिए धन्यवाद किया और अंग्रेजी अध्यापकों को नई शिक्षण विधियों से पढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

क्षमता निर्माण कार्यक्रम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शिक्षा भारती विद्यालय रामनगर में आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम (कपैसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम) का सोमवार को समापन हो गया। रिसोर्स पर्सन सोनू लोहचब और मीनू गोयत ने बच्चों के समग्र विकास के लिए शिक्षण अधिगम को आनंदमय बनाने के लिए कक्षा प्रबंधन की महत्वपूर्ण युक्तियों को नाटक व अन्य क्रियात्मक गतिविधियों द्वारा सरलतम तरीका से बताया।

अलग-अलग प्रकार के बौद्धिक स्तर वाले बच्चों के लिए अलग-अलग योजना आदि विषयों को रचनात्मक और सृजनात्मक तरीके से करवाया ताकि सभी बच्चों को एक स्तर पर लाया जा सके। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनुराग जैन, प्रबंधक हरीश वधवा, कोषाध्यक्ष महेंद्र गुलाटी ने कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय प्रचार प्रमुख सरिता शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

फैंसी ड्रेस कम टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आईबी स्मार्ट स्टार्ट ब्लू (सनसिटी हाइट्स) ने सोमवार को माताओं और उनके बच्चों के बीच अनोखे बंधन को मनाने के लिए फैंसी ड्रेस कम टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें प्रतिभागियों ने एक सुंदर रैंप वॉक, ऊर्जावान नृत्य और अन्य आकर्षक प्रतिभा प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। इसके अलावा विदेशी प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम को सुशोभित किया। कार्यक्रम में यूके से डैनियल और न्यूजीलैंड के ओलंपिक आर्चर शॉन विशिष्ट अतिथि रहे। स्कूल के चेयरमैन अमरजीत सिंह ढुल और हेड मिस्ट्रेस निशा चौहान ने कार्यक्रम की सराहना की। रैंप वॉक कंपटीशन में कक्षा पहली से लाव्या प्रथम, जतिन द्वितीय और मानव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मॉम एंड मी डांस मे विहान पांचल प्रथम, पिहू द्वितीय और मयरा ने तृतीय स्थान हासिल किया। विदेशी मेहमानों ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल की भूमिता मीनू और रिंकिं कौर ने निभाई।

बाबा कमलपुरी महाराज की माता का निधन

रोहतक। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय सचिव बाबा कमलपुरी महाराज की माता कृष्णा देवी का सोमवार को निधन हो गया। वह 84 वर्ष की थी। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई हैं। जींद रोड स्थित रामबाग भूमि पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। इस मौके पर महामंडलेश्वर कर्णपुरी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी परमचैतन्य, महामंडलेश्वर राघवेंद्र भारती सहित अन्य मौजूद रहे।

शहीदी दिवस पर देसी काव्य मंच का कार्यक्रम आयोजित

हिंदी साहित्य के निदेशक के अतिरिक्त 95 व्यक्तियों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहीदी दिवस के अवसर पर देसी काव्य मंच द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कवियों ने अपना काव्य पाठ सरलता से कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। यह कार्यक्रम साहित्य और साहित्यकारों के सम्मान के लिए किया गया। इस मौके पर हिंदी साहित्य के निदेशक के अतिरिक्त 95 व्यक्तियों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। जिसमें शहीदों को नमन किया गया और देशभक्ति से प्रेरित कविता पाठ किया गया। सभी को सम्मान पत्र प्रदान किए गए। संदीप शर्मा बांवरा ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर वीरेंद्र मधुर, चेतन शर्मा, मधुकांत शर्मा, डॉ. गजराज कौशिक, आशुतोष कौशिक, विवेक गौतम, अंजू शर्मा, रघुवेंद्र मलिक, महेंद्र सिंह बिलौटा सहित अन्य मौजूद रहे।

विधानसभा में गूंजेगी जाट कॉलेज के जतिन मलिक की आवाज

रोहतक। 20 और 21 मार्च को पंडित नेकीराम शर्मा महाविद्यालय में नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा विकसित भारत युवा संसद का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में रोहतक नोडल डिस्ट्रिक्ट, यानि रोहतक और झज्जर के लगभग 200 वक्ताओं ने भाग लेकर अपनी वाद-विवाद एवं सार्वजनिक बोलने की प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय, रोहतक के एमए अंग्रेजी के छात्र जतीन मलिक ने अपनी बेमिसाल प्रतिभा के दम पर शीर्ष 10 वक्ताओं में अपनी जगह बनाई। जतीन का यह प्रदर्शन न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय बना। प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने छात्र जतीन को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने बताया कि इसी प्रतियोगिता का राज्य सत्र हरियाणा विधानसभा, चंडीगढ़ में आयोजित किया जाएगा, जहां जतीन को भी अपनी बात रखने का सुनहरा अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस राज्य सत्र में प्रतिभागियों को और भी उभरकर सामने आने का मंच मिलेगा।

पुलिस लाइन में हुई साप्ताहिक परेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस लाइन सोमवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। एएसपी वाएवीआर शशि शेखर ने परेड की सलामी ली तथा पुलिस अधिकारियों-जवानों को दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे है। एएसपी वाएवीआर शशि शेखर ने राइडर पर तैनात स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि राइडर पर तैनात स्टाफ अपने अपने-2 एरिया मे निरंतर गश्त करे। दुश्चरित्र, असामाजिक व शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखे। सार्वजनिक स्थान पर नशीले पदार्थो का सेवन व हुडदंग-हंगामा करने वाले से भी सख्ती से निपटा जाए। असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में ना लेने दे। कानून के विरूद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ कानून के अनुरूप सख्त कार्यवाही करे। उन्होने कहा कि कानून व शांति व्यवस्था को कायम रखे। पुलिस लाइन में जवानों द्वारा योगा अभ्यास किया गया। जवानों ने अलग-2 प्रकार के व्यायामों के अभ्यास किए। योग की शुरुआत प्राणायाम से की गई। जवानों को ध्यान लगाने की क्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया।

गांव सांघी में लगाया जोड़ों के दर्द का जांच कैंप

रोहतक। मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से संचालित विमल प्रसाद जैन एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर पर सांघी गांव में फ्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने आकर अपने जोड़ों के दर्द की जांच करवाई। जिसमें से काफी सारे लोगों का मौके पर ही इलाज किया गया। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि इस कैंप का आयोजन हर सप्ताह सांघी गांव के बस अड्डे के नजदीक किया जाता है। जिसके अंदर कोई भी व्यक्ति आकर अपने जोड़ों के दर्द की फ्री में जांच करवा सकता है। साथ ही डॉक्टरों से परामर्श ले सकता है। कैंप में ये सारी सुविधा बिल्कुल फ्री दी जाती है। संस्था के कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने बताया कि इस निशुल्क कैंप का आयोजन जिले के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी राजेश जैन की तरफ से किया जा रहा है। जिसका संचालन मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से किया जाता है। राजेश जैन हमेशा समाजसेवा से जुड़े कामों में आगे रहते हैं। ऐसे में उनकी इच्छा है कि गांव के किसी भी इंसान को इलाज के लिए महंगे अस्पतालों में ना जाना पड़े, ताकि कम पैसों में लोग बेहतर इलाज करवा सकें। इस मौके पर मनोज, पवन, सत्यवान, ईशा, शीला आदि मौजूद रहे।

गांव डोभ में एनएसएस शिविर के चौथे दिन किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

वैश्य महिला महाविद्यालय के एनएसएस सात दिवसीय एवं रात्रिकालीन शिविर के चौथे दिन की गतिविधियां प्राचार्या डॉ. रश्मि गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुईं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रतिविंध्य ने शिविर की गतिविधियों का संचालन किया। दिन की शुरुआत योग एवं ध्यान सत्र से हुई, जिसके बाद स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण अभियान चलाया और ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इसके पश्चात वे जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने बुजुर्गों के साथ समय बिताया और उनके अनुभव सुने। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांववासियों से संवाद कर उनकी दैनिक समस्याओं को समझने का प्रयास किया। दिन की अंतिम गतिविधि के रूप में महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय के प्रो. राजबीर सिंह गुलिया ने सामुदायिक विकास पर व्याख्यान दिया और युवाओं की सामाजिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। प्राचार्या डॉ. रश्मि गुप्ता की प्रेरणा से शिविर का चौथा दिन अत्यंत सफल रहा। आगामी दिनों में भी सामाजिक सेवा और जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे।

महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में एनुअल मीट का आयोजन

200 मीटर रेस में दीपांशी और जैवलीन थ्रो में शिखा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में सोमवार को दो दिवसीय एनुअल मीट का शुभारंभ हुआ। इस दौरान छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। जैवलीन थ्रो में बीपीएड की छात्रा शिखा ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं द्वितीय स्थान एमपीएड की छात्रा किरन ने और तृतीय स्थान बीपीएड की छात्रा दीपांशी ने हासिल किया। इसी तरह से शॉट पुट में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा खुशबू प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान बीपीएड की छात्रा शिखा और तृतीय स्थान बीपीएड की छात्रा दीपांशी ने प्राप्त किया। इसके अलावा 200 मीटर रेस में दीपांशी ने प्रथम, शिखा ने द्वितीय और निकिता ने तृतीय स्थान हासिल किया।

400 मीटर में दीपांशी प्रथम

वहीं 400 मीटर रेस में दीपांशी ने पहला, निकिता ने दूसरा और बीएससी स्पोर्ट्स सांइस प्रथम वर्ष की छात्रा प्रीती ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा लोंग जंप में शिखा ने प्रथम, अंजली ने द्वितीय, दीपांशी ने तृतीय, चाटी रेस में पिंकी ने पहला, अंजली ने दूसरा और पायल ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह से थ्री लेग रेस में निकिता व किरन प्रथम, शिल्पा व शिखा द्वितीय और दीपांशी और अंजली ने तृतीय स्थान हासिल किया।

मार्च पास्ट किया

महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय एनुअल एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बीबी बत्रा ने शिरकत की। मार्च पास्ट की सलामी के साथ तथा झंडा फहराने के साथ ही एथलेटिक मीट का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचब ने पौधा भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सोमवार को 100 मीटर की हिट्स, 200 मीटर, 400 मीटर, जैवलिन थ्रो, लॉन्ग जंप, थ्री लेग रेस, चाटी रेस तथा शॉट पुट के इवेंट्स करवाए गए। जाट एजुकेशन सोसायटी के प्रधान गुलाब सिंह दीमाना ने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहकर तथा मोबाइल से दूर रहकर खेलों में अपनी भागीदारी को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि बीबी बत्रा ने खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज सभी क्षेत्रों में आगे हैं, इसी प्रकार से उन्होंने छात्राओं को भी प्रेरित करते हुए कहा कि आप भी अपने परफॉर्मेंस को इतना बढ़ाओ कि आप ओलंपिक तक जा सको। विधायक ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को 51000 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में अपने निजी कोष से दिए तथा खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर जाट शिक्षण समिति के जनरल सेक्रेटरी नवदीप, उप प्रधान धर्मराज, कॉलेजियम सदस्य सुनील सिंह, राजपाल सिंह, रिटायर्ड प्रिंसिपल कपूर सिंह ढाका, ब्रिगेडियर एमएस हुडा सहित अन्य मौजूद रहे।

भैंस बेचने के नाम पर 85 हजार की ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने भैंस बेचने के नाम पर 85 हजार से ज्यादा रुपये की ठगी के मामले में गिरोह का खुलासा किया है। वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा मथूरा में ठगों द्वारा चलाए जा रहें कॉल सेंटर पर छापेमारी की गई है। छापेमारी के दौरान 1 लैपटॉप व 8 मोबाइल फोन बरामद हुए है। आरोपियों से अभी तक कुल 1 लैपटॉप, 11 मोबाइल फोन, 7 डॉयरी व 10 हजार रुपये बरामद हो चुके है। वारदात में आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किए जा रहे है। कलानौर थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि कलानौर निवासी अनिल की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। अनिल ने भैस लेने के लिए फेसबुक पर लक्ष्मी डेयरी नाम से सर्च करने पर एक मोबाइल नंबर आया। लक्ष्मी डेयरी के माध्यम से भैस बेची जाती है जो वीडियो कॉल करके दिखाई जाती है। 80 हजार रुपये मे भैस का सोदा हुआ। 6 दिसंबर 2024 को अनिल के पास फोन आया कि 6 हजार रुपये ट्रांसफर कर दे बाकि राशि भैस मिलने के उपरांत कर दे। 7 दिसंबर 2024 को अनिल के पास 16500 रुपये और भेजने बारे कहा। अनिल ने उनके कहे अनुसार अलग-2 ट्रांसजेक्शन में कुल 85400 रुपये ट्रांसफर कर दिए लेकिन फिर भी भैंस नहीं मिली।

झूठा आरोप लगाने पर डीएसपी से मिले ग्रामीण

सांपला। नया बांस के ग्रामीण सोमवार को एक महिला द्वारा गांव के अधेड़ उम्र के व्यक्ति पर झूठे आरोप लगाने की बात को लेकर डीसीपी रजनीश से मिले। डीएसपी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि निष्पक्ष जांच की जाएगी। 9 मार्च को गांव में पंचायत हुई थी। ग्रामीणों ने बताया कि खरावड़ गांव की जिस महिला ने जसवीर पर जो आरोप लगाए हैं वह सब झूठे हैं। बेवजह उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया, वह रद होना चाहिए।

SHORT AND LONG TERM NEW BATCHES
CUET DU/KU/IPU/MDU
IPM-IIMs (ROHTAK, INDORE, AMRITSAR, RANCHI, BANGALORE, JAMMU, BODHGAYA)
CAT-2025 IIMs
NDA
BBA
HM (HOTEL MANAGEMENT)
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak
M. 9254304337

खबर संक्षेप

छात्राओं ने तपेदिक के बारे में किया जागरूक

रोहतक। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने विश्व तपेदिक दिवस के उपलक्ष में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) डीघल में प्रोफेसर सुनीता के दिशा-निर्देशन में आमजन को तपेदिक (टीबी) के बारे में जागरूक किया। जूनियर लेक्चरार कविता देवी व सुनीता देवी ने बताया कि इस जागरूकता अभियान में छात्राओं ने तपेदिक के कारणों, लक्षणों, निदान और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

एनएसएस शिविर में ध्यान का अभ्यास किया

रोहतक। वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में चल रहे एनएसएस शिविर में सोमवार को स्वयंसेवकों ने विभिन्न शैक्षिक और आध्यात्मिक स्थलों का दौरा किया। मुख्य अतिथि राजबीर सिंह और कमलेश ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। स्वयंसेवकों ने फुटवियर डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट का भ्रमण किया।

विवेकानंद पुस्तकालय को बेस्ट यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी अवार्ड 2024 से किया अलंकृत

एमडीयू लाइब्रेरी देश में एक नंबर पर, 24 घंटे 365 दिन रहती खुली

- मदवि परिसर को वर्ष 2018 में देश का सबसे स्वच्छ कैंपस का अवार्ड मिला था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर को वर्ष 2018 में देश का सबसे स्वच्छ कैंपस का अवार्ड मिला था। अब यूनिवर्सिटी की लाईब्रेरी को भी देश में बेस्ट यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी का अवार्ड 2024 मिला है। लाइब्रेरी की खासियत ये है कि 24 घंटे 365 यहां छात्र अध्ययन करते हैं। 3 छात्रों के एक साथ बैठकर पढ़ने की क्षमता पुस्तकालय में है। सभी रीडिंग हाल वातानूकुलित हैं। किताबों की संख्या 4 लाख 6 हजार से अधिक है। इतना ही सभी पुस्तकों में चिप है। अगर कोई छात्र बिना अलॉटमेंट के किताब बाहर ले जाता है तो उसकी जानकारी पुस्तकालय प्रबंधन को मिल जाएगी। चिप के ये लाभ भी छात्र जिस किताब को पढ़ना चाहते हैं,उसकी ट्रेस किया जा सकता है। पुस्तकालय में एक लाख से अधिक ई-बुक हैं। इनको बिना किसी खर्च

रोहतक। यूनिवर्सिटी लाइब्रेरियन डॉ. सतीश मलिक को बधाई देते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह तथा कुलसचिव डा. कृष्णकांत।

डाउनलोड करने का सुविधा यूनिवर्सिटी ने उपलब्ध करवाई हुई है। वर्ष 1991 में लाइब्रेरी की स्थापना की परिसर में की गई थी। इससे पहले वर्ष 1976 से 1991 तक यूनिवर्सिटी के पुरानी बिल्डिंग में ही एमडीयू का पुस्तकालय था। बीते सप्ताह विवेकानंद पुस्तकालय को इंडियन लाइब्रेरी एसोसिएशन की ओर से आईएलए डॉ. एलएम पाढ्या बेस्ट यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी अवार्ड 2024 से अलंकृत किया गया है। इंडियन लाइब्रेरी एसोसिएशन के 70वें अधिवेशन में एमडीयू के विवेकानंद पुस्तकालय को यह प्रतिष्ठित अवार्ड प्रदान किया गया। यह वार्षिक सम्मेलन 20 से 22 मार्च तक यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंस रायपुर कर्नाटक में आयोजित किया गया। सोमवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह तथा कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने यूनिवर्सिटी लाइब्रेरियन डॉ. सतीश मलिक को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का विवेकानंद पुस्तकालय उत्कृष्ट पुस्तकालय है जो कि अपनी सुविधाओं, पाठ्य तथा ई-संसाधनों के लिए पूरे देश में प्रख्यात है। कुलपति ने कहा कि विवेकानंद पुस्तकालय विद्यार्थियों में पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा दे रहा है।

योजनाओं को किया साझा

विवेकानंद पुस्तकालय ई-रिसोर्सेज संबंधित कार्यशालाओं के साथ-साथ लोकप्रिय वार्षिक पुस्तक मेला भी आयोजित करता है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि उत्कृष्ट विश्वविद्यालय विद्यार्थियों में अध्ययनशीलता के संस्कार को पोषित करता है। इस अवसर पर लाइब्रेरियन डा. सतीश मलिक ने विवेकानंद पुस्तकालय की प्रगति यात्रा और भविष्य की योजनाओं को कुलपति तथा कुलसचिव से साझा किया। उन्होंने कुलपति का विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन में विवेकानंद पुस्तकालय नई ऊंचाइयां तय कर रहा है।

परीक्षाओं के परिणाम जारी

एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि विश्वविद्यालय ने दिसंबर-2024 तथा जनवरी 2025 में आयोजित एमए अंग्रेजी आनर्स पंचवर्षीय के तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर, एमसीए चौथे सेमेस्टर की री-अपीयर, बीए एडिशनल तीसरे वर्ष, बीए वार्षिक तीसरे वर्ष/सेमेस्टर री-अपीयर, बीबीए-बीबीए, बीबीए बीई, बीबीए सीएएम तथा बीबीए सेकेंड के तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर तथा पहले व छठे सेमेस्टर की री-अपीयर, बीटेक-प्रथम, तीसरे, पांचवें, सातवें सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर तथा आठवें सेमेस्टर की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

जॉन वेस्ले कॉन्वेंट के अध्यापकों ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी विषय पर ट्रेनिंग प्राप्त की

- 60 शिक्षकों ने विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण किया प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में सीबीएसई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के अध्यापकों के अलावा रोहतक के विभिन्न स्कूलों से 60 शिक्षकों ने विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए हिस्सा लिया।

दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के बाद ट्रेनिंग की शुरुआत हुई। सीबीएसई से शिक्षाविद् असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार तथा प्रिंसिपल डॉ. बानी गोधरा ने अध्यापकों से नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 की एस्पेक्ट्स और इंप्लीकेशंस को सांझा किया। टीचर ट्रेनिंग के मुख्य सत्र में विशेषज्ञों ने नई शिक्षा पद्धति एनईपी 2020 संरचना (5+3+3+4) के तहत स्कूल शिक्षा में परिवर्तन, मल्टीडिसिप्लीनरी शिक्षा, वैकल्पिक आंकलन और छात्रों को समग्र विकास पर जोर दिया। उन्होंने अध्यापकों को नई तकनीकों और छात्रों को 21वीं सदी के लिए तैयार करने की नितियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अध्यापकों द्वारा प्रयोग किए जा रहे शैक्षिक तकनीकों को मूल्यांकित किया तथा लर्निंग को रोचक व प्रयोजन पूर्ण बनाने, छात्रों को उद्देश्य प्राप्ति के लिए प्रेरित करने व सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण करने से संबंधित कई क्रियाकलाप सिखाए। उन्होंने ग्रुप एक्टिविटी कर शिक्षण प्रणाली को और बेहतर बनाना सिखाया।

अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

अध्यापक वर्ग ने इस ट्रेनिंग में हुए सभी रोचक क्रियाकलापों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दी गई सभी वर्कशीट को हल किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य अध्यापकों को नई शिक्षा नीति की प्रमुख विशेषताओं, उद्देश्यों और क्रियान्वयन प्रतिक्रिया से अवगत कराना रहा। प्रधानाचार्य ने कहा कि नई शिक्षा नीति में जहां शिक्षक के नवीनतम तरीकों को अपने पर जोर दिया गया है वहीं छात्रों की रुचियों, क्षमताओं और उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने का अवसर भी दिया है।

पुलिस जवानों को दी सीपीआर की ट्रेनिंग

रोहतक। पुलिस लाइन में सोमवार को मेडिसन विभाग पीजीआईएमएस के प्रोफेसर डॉ. रमेश वर्मा, रैजिडेंट कम्युनिटी विभाग के सीनियर डॉ. राजकुमार, पीजीआई के डॉ. योगेंद्र मलिक व पुलिस लाइन अस्पताल के फार्मासिस्ट हरेंद्र द्वारा जवानों को सीपीआर तकनीक की ट्रेनिंग दी गई। डॉ. रमेश वर्मा की देखरेख में डॉ. योगेन्द्र मलिक द्वारा जवानों को सीपीआर की ट्रैनिंग दी गई। डॉ. रमेश ने बताया कि वर्तमान समय में अव्यवस्थित दिनचर्या, तनाव, गलत खान-पान, पर्यावरण प्रदूषण व अन्य कारणों के चलते हृदय की समस्याएं तेजी से बढ़ी है। छोटी उम्र से लेकर बुजर्गों तक में हृदय से जुड़ी समस्याएं होना अब आम बात हो गई है। डॉ. योगेन्द्र मलिक ने जवानों को सीपीआर तकनीक का अभ्यास करवाया गया।

विद्यार्थियों ने क्विज प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- सत जींदा कल्याणा कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन

सत जींदा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर के कम्पयूटर साईंस विभाग द्वारा बेसिक आफ कम्पयूटर साईंस विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हर्षित व इशांत की टीम ने द्वितीय स्थान यशवीर व साहिल की टीम ने व तृतीय स्थान भूमि व अंश की टीम ने प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया व इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ. दुआ ने कहा कि आज का युग डिजिटल युग है इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को कम्पयूटर का ज्ञान होना जरूरी है व क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के साथ-साथ सीखने का मौका मिलता है। प्रतियोगिता का संचालन कनिका खन्ना ने किया। वंदिता शर्मा व सुमन आहुजा का इसमें विशेष सहयोग रहा। इस दौरान डॉ. शालिनी शर्मा, डॉ. गुरविंद्र मौजूद रहे। साथ ही महाविद्यालय की छात्र प्रिती विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता-2025 में जिला स्तर पर चौथा स्थाान प्राप्त करके स्टेट लेवल प्रतियोगता के लिए नामांकित हुई। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने कुमारी प्रीति व राजनीतिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. ममता रानी को बधाई दी।

दो युवको को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

रोहतक। सीआईए-1 की टीम ने दो युवको को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि सांपला कुलताना रोड बागपत रोड फलाओवर के नीचे खड़े युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान अक्षय निवासी सूर्या नगर सांपला के रुप में हुई। युवक के पास से एक देसी कट्टा व एक रौंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके कोर्ट से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। वहीं, बस अड्डा ईस्माईला नजदीक रेलवे फलाई ओवर के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान आशीष निवासी खेडी सांपला के रुप में हुई। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व एक रौंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव : डीसी

- पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 2024-25 की अंतिम विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। हम सुनिश्चित करेंगे कि विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं और अवसर मिलें। प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। यह बात उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में सत्र 2024-25 की अंतिम विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता के दौरान कही। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, बुनियादी ढांचे के उन्नयन और छात्र कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने परीक्षा परिणामों के विश्लेषण पर समीक्षा की गई और शैक्षिक नवाचारों और डिजिटल लर्निंग के माध्यम से स्मार्ट क्लासरूम के सुझाव दिए। उन्होंने बैठक के दौरान विद्यार्थियों के शैक्षिक हित और कल्याण में शैक्षिक नवाचार एवं विद्यार्थियों के चहुमुखी विकास में हर कदम पर सहयोग का आश्वासन दिया। एजेंडा बिंदुओं के अलावा उन्होंने विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ एक बैठक ली, जिसमें विद्यार्थियों के कल्याण और शैक्षिक निहितार्थ बिंदुओं पर चर्चा करके अपने निजी अनुभवों के माध्यम से शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, खेलकूद और कला-संगीत कार्यक्रमों की सराहना की तथा उनके संवर्धन और बढ़ावा देने हेतु कुछ अन्य सुझाव भी दिए। प्राचार्या परमजीत कौर ने उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

रोहतक। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालय के प्राचार्यो के साथ उपायुक्त धीरेंद्र।

राजकीय महिला कॉलेज में प्री-प्लेसमेंट वर्कशॉप का समापन

रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में प्लेसमेंट सेल द्वारा एक दिवसीय प्री-प्लेसमेंट वर्कशॉप का महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. इंदु सपरा के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यशाला आगामी 4, 5 एवं 6 अप्रैल 2025 को ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी, हिसार द्वारा आयोजित किए जा रहे मेगा जॉब फेयर के संदर्भ में आयोजित की गई थी। कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को रोजगार प्राप्ति के लिए आवश्यक सॉफ्ट स्किल्स एवं व्यावसायिक दक्षताओं से सुसज्जित करना था। इस अवसर पर छात्राओं को साक्षात्कार कौशल, प्रभावी रिज्यूमे लेखन, समूह चर्चा तकनीक, विभिन्न जॉब प्रोफाइल की समझ, उद्योग मानदंडों की जानकारी एवं कॉरपोरेट संस्कृति जैसी महत्वपूर्ण विषय-वस्तुओं पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम | शहीदी दिवस के मौके पर सम्मेलन का किया आयोजन

खरैंटी गांव में एकजुट हुए गिल, नरेंद्र पहलवान को चुना गया अगला प्रधान

- शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया
- कलाकारों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रागनियां प्रस्तुत कर किया मनोरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

शहीदी दिवस के मौके पर रविवार 23 मार्च को लाखन माजरा खंड के खरैंटी गांव में गिल गोत्र का एक सम्मेलन आयोजित किया गया। गिल गोत्र के लोगों ने शहीदी दिवस को धूमधाम से मनाया। सभी ने शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान लोक कलाकारों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रागनियां प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन किया और देश सेवा के लिए प्रेरित किया। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और आस पास के प्रदेशों से गिल गोत्र के लोगों ने इस सम्मेलन में भाग लिया। गिल गोत्र के ख्याति प्राप्त लोगों को खेल स्टेडियम के गेट से मंच तक ढोल नगाड़ों के साथ लाया गया और उनका पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

महम। नवनियुक्त प्रधान नरेंद्र पहलवान को पगड़ी व फूलों की माला पहनाकर स्वागत करते गिल गोत्र के लोग।

शुभकामनाएं दी

सम्मेलन में गिल गोत्र का नया प्रधान बनाया गया। हरियाणवीं सिंगर पवन गिल ने बताया कि सर्वसम्मति से सम्मेलन में खरैंटी गांव के नरेंद्र पहलवान को गिल गोत्र का नया प्रधान बनाया गया है। गिल गोत्र के के प्रधान राजेश गिल का दो साल का कार्यकाल पूरा गया था। राजेश गिल मिर्चपुरा गांव के रहने वाले थे। उसके बाद खरैंटी के नरेंद्र पहलवान को गिल गोत्र का प्रधान चुना गया है। नए प्रधान का गिल गोत्र के लोगों ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। गायक पवन गिल ने नवनियुक्त प्रधान को शुभकामनाएं दी है।

सामुहिक भोज का किया आयोजन

मंच से बार बार स्पीकर से यही आवाजें आ रही थी कि गिल मिलाते हैं दिल। गिलों ने दिल मिलाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया है। दूर दराज रहने वाले भाईयों का आपस में परिचय हो जाएगा और एक ही गोत्र के लोगों को आपस में मिलाने के लिए यह कार्यक्रम में आयोजित किया गया है। शहीदी दिवस पर गिल गोत्र के लोगों ने सामूहिक भोज का भी आयोजन किया। इस दौरान गिल गोत्र के लोगों ने एकजुटता का संदेश दिया। कहा कि जो भी कौम, गोत्र और समाज एकजुट होकर रहता है, वह हमेशा तरक्की करता है। राजा गिल ठेकेदार ने बताया कि खरैंटी गांव के लिए यह सौभाग्य की बात है कि उनके गांव के लोगों को गिल गोत्र के भाइयों का स्वागत करने का अवसर मिला।